पर कार्रवाई की जाती है। आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए प्रशासनिक और राजनैतिक स्तर पर राज्य सरकारों के निकट सहयोग से कई उपाय शुरू किए गए हैं। केन्द्र सरकार सभी प्रभावित राज्य सरकारों को अतिरिक्त अर्द्ध सैनिक बल, राज्य पुलिस बलों के कार्मिकों को प्रशिक्षण बहतर संचार सुविधाएं इत्यादि देकर सभी संभव सहायता उपलब्ध करवा रही है । इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा खर्च की गई राशि को विनिर्दिष्ट करना व्यवहारिक विचार नहीं होगा।

(ख) सूचना एकत्र की जा रही है तथा इसे सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

Conviction for illicit liquor fragedy

3882. SHRIMATI SARALA MAHESHWARI; Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state;

(a) whether it is a fact that hardly ever any body gets convicted in an illicit liquor tragedy, if so, the reasons therefor;

(b) whether it is also a fact that the enquiry reports after liquor tragedies are not published, if so the reasons therefor;

(c) whether it is also a fact that the suggestions and recommendations of investigating agencies like the Desai Commission, the Baweja Commission, and others have not been implemented; and

(d) if so, whether Government propose to hold the concerned authorities responsible for such inaction?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB); (a) to (b) The registration investigation, detection and prosecution of crimes including those relating to illicit liquor are the responsibility of the concerned State Government/Union Territory Administration.

(c) and (d) Information is being collected and will' be laid on the Table of the House.

**राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सौहार्द प्रतिष्ठान**

3883. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) साम्प्रदायिक हिंसा के शिकार व्यक्तियों के बच्चों की देखभाल के लिए सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सौहार्द प्रतिष्ठान के मुख्य कार्य क्या है; और

(ख) अब तक ऐसे कितने केन्द्र खोले गये हैं और प्रत्येक केन्द्र में कितने बच्चों की देख-रेख की जा रही है ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब)** : (क) और (ख) राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सौहार्द प्रतिष्ठान (नेशनल फाउन्डेशन फार कम्यूनल हारमोनी) के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं, (i) साम्प्रदायिक दंगों के पीड़ितों का शारीरिक तथा मनोवैज्ञानिक पुनर्वास, इसमें मुख्य रूप से बच्चों की विशेष देखभाल शिक्षा तथा प्रशिक्षण शामिल हैं । तथापि, प्रारम्भ में, इस समय प्रतिष्ठान अपने आपको 24.7.91 के बाद साम्प्रदायिक दंगों के पीड़ित हुए बच्चो शारीरिक तथा मनोवैज्ञानिक पुनर्वास के लिए सहायता उपलब्ध कराने तक सीमित रखना, (ii) साम्प्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को बढावा देना और (iii) विभिन्न समुदायों के बीच एकता को मजबूत करना । योजना को राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है जो लाभ प्राप्तकर्ताओं की पहचान करने के कार्य के विभिन्न स्तरों पर है ।

**कंटीले तारों की बाड़ में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने के लिए ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही**

3884. **श्री राजूभाई ए० परमार :** क्या गृह मंत्री मप बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत-पाक सीमा यह कंटीले तारों की बाड़ में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने के कारण

ठेकेदार के बिलों में कटौती की गई थी;

(ख) यदि हां, तो ठेकेदार के बिलों की राशि कितनी थी और उसमें से कितनी कटौती की गई;

(ग) ठेकेदार के विरुद्ध और क्या कार्यवाही की गई है;

(घ) ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने में यदि कोई विलम्ब हुआ है तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या घटिया सामग्री के स्थान पर ठीक सामग्री लगा दी गई है ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब)** : (क) और (ख) : प्रथम चरण का कार्य पूरा करने के बाद कुछ एक स्थानों पर कुछ कार्य में छोटी-छोटी खामियां ध्यान में आयी । ठेकेदार के बिलों में उपयुक्त कटौती करके खामियों की पूर्ति की गयी । बिलों से कुल 31.08 लाख रुपए की राशि की कटौती की गयी ।

(ग) से (ङ) ठेकेदार से सम्पूर्ण खराब कांटेदार तारों को बदलने के लिए पहले ही कह दिया गया है और उन्हें बदला जा रहा है । डी०जी०एस० एण्ड डी० और अन्य एजेन्सियों द्वारा उपयुक्त कार्रवाई शुरू की गयी है ।

**नागा विद्रोहियों पर फिल्म**

**3885. डा० बापू कालदाते** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने नागा विद्रोहियों पर सैनिक दमन के बारे में नकली फिल्में बनाने वाले एक गिरोह को पकड़ा है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि ऐसी फिल्में पहले ही बी०बी०सी० पर प्रसारण के लिए लंदन भज दी गई हैं;

(ग) क्या यह सच है कि यह एक अंतर्राष्ट्रीय षडयंत्र का हिस्सा है और ऐसी फिल्में पंजाब और कश्मीर में भी बनायी जाने का अनुमान है; और

(घ) यदि हां, तो ऐसी खतरनाक प्रवृत्तियों को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब)** : (क) और (ख) नागा राष्ट्रीय परिषद् के 13 कार्यकर्ताओं के साथ दो ब्रिटिश नागरिकों को 30 जनवरी, 1992 को नागालैण्ड में गिरफ्तार किया गया था । ब्रिटिश नागरिकों द्वारा ग्रेट ब्रिटन को भेजे जा रहे वीडियो कैसेट और फिल्म रीलें दिल्ली में विदेशी डाकघर से कस्टम प्राधिकारियों द्वारा जब्त की गई थी ।

(ग) सुरक्षा बलों और राज्य तंत्र के द्वारा की जा रही कथित ज्यादतियों को बढाचढ़ा कर बताकर, पाकिस्तानी और आतंकवादी संगठन, जम्मू और कश्मीर तथा पंजाब समस्याओं का अन्तर्राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रह हैं । ऐसा दृश्य और श्रव्य माध्यमों तथा साहित्य के माध्यम से किया जा रहा है ।

(घ) सरकार इस तरह की गति-विधियों पर निगरानी रख रही है और समुचित उपाय कर रही है ।

**"कल्याण फार पैकेज आन टेम्पल" शीर्षक समाचार**

**3886. मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 12 जुलाई, 1992 के पैट्रियट में "कल्याण